15 वीं विधानसभा, 2 (दूसरा) सत्र

प्रश्न सं. 6273

अतारांकित

राजस्थान इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति अधिनियम

श्री राजकुमार रोत

प्रश्न –

1. क्या यह सही है कि राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति अधिनियम 2018 गजट नोटिफाई हो गया है? यदि हां, तो गजट की कॉपी सदन की मेज पर रखें।
2. क्या इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन किया जा चुका है? यदि हां, तो आदेश मय अध्यक्ष एवं सदस्यों के नाम सहित विवरण सदन की मेज पर रखें। यदि नहीं, तो कब होगा?

उत्तर –

1. जी हां। प्रति परिशिष्ट अ पर संलग्न है।
2. जी नहीं। इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा बोर्ड के गठन के लिए पत्रावली विधानसभा चुनाव–2018 हेतु आदर्श आचार संहिता के दौरान प्राप्त होने तथा वर्तमान में प्रकरण निवर्तमान सरकार के गत 6 माह में लिए गये निर्णयों की समीक्षा हेतु गठित मंत्रिमण्डलीय समिति में विचारार्थ रहने के कारण बोर्ड का गठन नहीं हुआ है । उक्त परिप्रेक्ष्य में मंत्रिमण्डल सचिवालय से अग्रिम निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।